समर टी-20 क्रिकेट उत्सवः सेमीफाइनल से फाइनल तक के रोमांचक पल

मनरेगा बचाओ रैली मुद्दाविहीन और दिशाहीनः विजय सांपला

राहुल गांधी ने मनरेगा के मूल मुद्दों पर नहीं दिया कोई ठोस बयान

दलजीत विक्की | समर न्यूज लुधियाना

दुगरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान देश के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय सांपला ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बरनाला में कांग्रेस द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ रैली पूरी तरह मुद्दाविहीन और दिशाहीन रही।

सांपला ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मनरेगा के मूल मुद्दों पर कोई ठोस बात नहीं की। उन्होंने कहा यदि उनके मन में किसानों और मजदूरों के प्रति वास्तविक संवेदना होती तो वे मनरेगा की विशेषताओं, कमियों और मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं पर स्पष्ट चर्चा करते। सांपला के अनुसार, रैली में इन विषयों पर कोई सार्थक विमर्श नहीं हुआ। भाजपा नेता ने दावा किया कि मनरेगा के तहत पहले 100 दिनों का रोजगार मिलता था, जबकि भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रावधान किया और भुगतान एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में मजदूरों को न तो पूरा काम मिलता था और न ही समय पर भुगतान।राहुल गांधी द्वारा पार्टी नेताओं को एकजुट होकर काम करने की सलाह पर तंज कसते हुए सांपला ने कहा कि इससे कांग्रेस के भीतर बढ़ती आंतरिक कलह झलकती है। उन्होंने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस अपनी दिशा खो चुकी है और नेतृत्व स्वयं असमंजस में है। सांपला ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी पंजाब के किसानों और मजदूरों को आखिर क्या संदेश देना चाहते थे, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। उनके अनुसार, रैली का स्वर अधिक राजनीतिक और कम मुद्दा आधारित रहा। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान, महामंत्री नरेंद्र सिंह मल्ली, उपाध्यक्ष महेश शर्मा, डॉ. निर्मल नय्यर, जिला उप प्रधान नवल जैन और प्रेस सचिव डॉ. सतीश कुमार भी उपस्थित थे।

समर टी-20 टूर्नामेंट में अमन बग्गा का जन्मदिन मनाया

समर न्यूज | लुधियाना : समर टी-20 टूर्नामेंट के दौरान लुधियाना के विधायक मदन लाल बग्गा के बेटे अमन लाल बग्गा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समर न्यूज स्पार्टंस की टीम, आप एवेंजर्स की टीम और अन्य खिलाड़ी व सदस्य मौजूद रहे। टूर्नामेंट के दौरान मैदान पर खेल का उत्साह और जन्मदिन की खुशियां दोनों का संगम देखने को मिला। खिलाड़ियों ने केक काटकर अमन को शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन समारोह के दौरान सभी खिलाड़ियों ने दोस्ताना माहौल में मस्ती और खेल का आनंद उठाया।

न्यूज ब्रीफ

ट्रैक्टर पार्ट्स से भरा ट्रक चोरी

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना साहनेवाल पुलिस ने ट्रैक्टर के स्पेयर पार्ट्स से भरा ट्रक चोरी होने के मामले में कंडक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता हरमनदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह न्यू मोगा लॉजिस्टिक नाम की फर्म चलाते हैं और ट्रांसपोर्टेशन का काम करते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीते दिनों उनका ड्राइवर प्रदीप सिंह होशियारपुर से ट्रैक्टर के स्पेयर पार्ट्स लेकर लुधियाना लौट रहा था। जब ट्रक लुधियाना में एचडीएफसी बैंक सर्विस रोड पावा के पास पहुंचा तो ड्राइवर ने माल से भरा ट्रक खाली जगह में खड़ा कर दिया और कंडक्टर जग्गी को वहीं छोड़कर चला गया।अगले दिन जब ड्राइवर वापस लौटा तो ट्रक समेत सारा सामान गायब था।

नशीली गोलियों के साथ दो गिरफ्तार

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना सलेम टाबरी पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को नशीली गोलियों के साथ काबू किया है। जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शक के आधार पर दो व्यक्तियों की तलाशी के दौरान उनके पास से 50 नशीली गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान सनी पुत्र जसपाल और गुरनाम सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह, निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस अब यह जांच कर रही है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 175